# ग्रामीण प्रगति संस्थान

ग्राम–पलिया पश्चिम, पोस्ट–रजखेता (जगदीशपुर) जनपद–अमेठी (उ0प्र0)

## राष्ट्रीय न्यास दिव्यांगता के क्षेत्र में संस्था की गतिविधियों की प्रगति आख्या
## वर्ष 2020–21

ग्रामीण प्रगति संस्थान, ग्राम पलिया पश्चिम, पो0–रजखेता (जगदीशपुर) जिला अमेठी समिति पंजीकरण अधिनियम 21, 1860, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 12 ए व 80जी विदेशी अंशदान (नियमन) अधिनियम, दिव्यांगजन अधिनियम 1995 तथा राष्ट्रीय न्यास के अन्तर्गत पंजीकृत संस्था है। संस्था दिव्यांगजनों के कल्याण व पुर्नवास सम्बन्धी गतिविधियों विशेष रूप से सक्रिय है।

**वर्ष के दौरान संस्था द्वारा दिव्यांगजन शसक्तीकरण व पुर्नवास के क्षेत्र में निम्नलिखित गतिविधियों का संचालन किया गया–**

1. **एम0आर0 व सीपी0 श्रेणी के दिव्यांगजनों हेतु दिव्यागता प्रमाण पत्र बनवाने में सहयोग करनाः–**

   संस्था द्वारा सी0पी0 श्रेणी के 6 एवं एम0आर0 श्रेणी के 9 दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने हेतु उनके आनलाइन फार्म भराये गये व उसके बाद जिला अस्पताल अमेठी व मेडिकल कालेज लखनऊ में उनका असेसमेंट कराकर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय अमेठी से दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी कराने में सहयोग किया गया।

2. **एम0आर0 व सीपी0 श्रेणी के दिव्यांगजनों हेतु दिव्यागता पेंशन दिलाने में सहयोग करनाः–**

   संस्था द्वारा सी0पी0 श्रेणी के 8 व एम0आर0 श्रेणी के 12 दिव्यांगजनों के पेंशन हेतु आनलाइन फार्म भराकर जिला स्तर पर पैरवी करके इन्हें दिव्यांगता पेंशन दिलाने में सहयोग किया गया।

3. **राष्ट्रीय न्यास दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों के अभिभावकों को देखभाल कार्य हेतु जागरूकता प्रशिक्षणः–**

   संस्था द्वारा राष्ट्रीय न्यास दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों के 20 अभिभावकों को दिव्यांगजनों के देखभाल कार्य हेतु जागरूकता प्रशिक्षण दिलाया गया।

4. **कोरोना काल में दिव्यांगजनों के घर पर जाकर राहत सेवाएं उपलब्ध करानाः–**

   कोराना काल में घरौंदा केन्द्र के समस्त 22 दिव्यांगजनों के घरों पर जाकर राशन सामग्री व मास्क का वितरण कराया गया तथा कोविड–19 से बचाव व सुरक्षा के सम्बन्ध में अभिभावकों को जागरूक किया गया।

SECRETARY
Grameen Pragati Sansthan
Distt- Amethi ( U.p.)

## संस्था द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में आयोजित गतिविधियां एक दृष्टि में:–

| क्र0 | गतिविधियां | अवधि | किये गये कार्य | लाभार्थी | फोटोग्राफ्स |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने में सहयोग | 01.04.2020 से 30.06.2020 तक | आवेदन आनलाइन कराना, असेसमेन्ट कराना, दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी कराने में पैरवी करना | सी0पी0–2 एमआर–8 | अनुपलब्ध |
| 2. | दिव्यांगता पेंशन दिलाने में सहयोग | 01.07.2020 से 30.09.2020 तक | आवेदन आनलाइन कराना, डीएसडब्लूओ कार्यालय में पेंशन जारी कराने में पैरवी करना | सी0पी0–2 एमआर–8 | अनुपलब्ध |
| 3. | दिव्यांगजनों के अभिभावकों को देखभाल करने हेतु जागरूक करना | 15.11.2020 एक दिवसीय | अभिभावकों के लिए देखभाल जागरूकता प्रशिक्षण शिविर | राष्ट्रीय न्यास दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों के 20 अभिभावक | संलग्न है |
| 4. | कोरोना काल में घरौंदा केन्द्र के दिव्यांगजनों के लिए राहतकार्य | 01.04.2020 से 31.10.2020 तक | लाभार्थी दिव्यांगजनों के घर पर जाकर राशन सामग्री एवं मास्क का निःशुल्क वितरण | सी0पी0–3 एमआर–19 | संलग्न है |

**संस्था द्वारा वर्ष के दौरान अन्य क्षेत्रों में निम्नलिखित गतिविधियों का संचालन किया गया–**

1. <u>स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रमः–</u>

संस्था द्वारा विकास खण्ड जगदीशपुर के ग्राम कमरौली, इटरौर, गूंगेमऊ, अतरौना में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिक्षा एवं परिवार कल्याण जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य शिक्षा, विभिन्न बीमारियों के प्राथमिक एवं घरेलू उपचार, देशी दवाओं के उपयोग के बारे में जानकारी, परिवार नियोजन की प्राकृतिक विधियां, स्वच्छता, पौष्टिक आहार, मातृ एवं शिशु देखभाल तथा स्तनपान के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

2. <u>फल संरक्षण प्रशिक्षण :–</u>

संस्था द्वारा विकास खण्ड जगदीशपुर एवं शुकुलबाजार से चयनित 30–30 महिलाओं को फल संरक्षण के विभिन्न पद्धतियों जैसे आचार, मुरब्बा, जैम, जैली, स्वास आदि बनाने पर प्रशिक्षण दिया गया और स्वरोजगार स्थापित कराने में सहयोग किया गया।

3. <u>कृषि विकास कार्यक्रमः–</u>

संस्था द्वारा कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विशेषज्ञों का सहयोग प्राप्त करके ग्राम माहेमऊ, इमलीगांव, पूरबगांव में कृषकों के लिए उन्नतशील एवं तकनीकी कृषि प्रबन्धन विषय पर गोष्ठी का आयोजन कराया गया और गोष्ठी के माध्यम से कृषकों को जागरूक किया गया।

SECRETARY
Grameen Pragati Sansthan
Distt- Amethi ( U.p.)

4. <u>स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम :–</u>

संस्था द्वारा ग्राम महोना पश्चिम, ऊंचगांव, खालिस बाहरपुर में एक–एक दिवसीय जागरूकता गोष्ठी के माध्यम से लोगों को निजी एवं घरेलू तथा पास पड़ोस की सफाई द्वारा प्रदूषण नियंत्रण करके विभिन्न बीमारियों से बचाव स्वच्छ पेयजल का प्रयोग, दूषित भोजन, सड़े गले फलों एवं खाद्य सामग्री से परहेज एवं खुले में शौंच न जाने हेतु लोगों को जागरूक किया गया।

5. <u>उद्यमिता विकास प्रशिक्षणः–</u>

संस्था द्वारा विकास खण्ड शुकुलबाजार व जामों के 15–15 युवाओं की पहचान करके उन्हें तीन–तीन दिवसीय दो ग्रुप में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं द्वारा चयनित उद्यमों में स्वरोजगारी बनाने हेतु जिला उद्योग केन्द्र से रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन कराया गया एवं वित्तीय संस्थानों से वित्तीय सहायता दिलाकर उन्हें स्वरोजगारी बनाने का प्रयास किया गया।

6. <u>जन्म समारोहः–</u>

संस्था द्वारा विकास खण्ड जगदीशपुर के ग्राम पंचायत इटरौर में महात्मा गांधी का जन्म समारोह आयोजित किया गया। डा0 भीमराव अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला गया और उनके द्वारा समाज के विकास के लिए किए गये कार्यों के प्रति लोगों को अवगत कराया गया।

7. <u>सड़क सुरक्षा जागरूकताः–</u>

संस्था द्वारा सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से विकास खण्ड जगदीशपुर, जनपद अमेठी के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में पोस्टर, पम्प्लेट वितरण, बैनर, दीवाल लेखन तथा गोष्ठीयों के माध्यम से स्थानीय विभिन्न प्रकार के वाहन चालकों, विद्यार्थियों एवं आम जनों को जागरूक किया गया।

हमारी संस्था द्वारा आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम अत्यन्त सफल रहे हैं। कार्यक्रम की सफलता में संस्था के पदाधिकारियों, सदस्यों व कर्मचारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी भावनाओं वाले युवाओं का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। सभी लोगों ने कार्यक्रम की सफलता की सराहना की। ऐसे ही अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन की जनता द्वारा मांग की गयीं इस प्रकार हमारी संस्था अपने लक्ष्यों एवं उद्देश्यों की प्राप्ति में निरन्तर अग्रसर है।

SECRETARY
Grameen Pragati Sansthan
Distt- Amethi ( U.p.)

# ग्रामीण प्रगति संस्थान, अमेठी




संस्था कार्यालय भवन




घरौंदा केन्द्र भवन

# ग्रामीण प्रगति संस्थान, अमेठी



एम0आर0 और सी0पी0 दिव्यांगजनों के अभिभावकों के लिए
देखभाल कार्य हेतु जागरूकता कार्यक्रम वर्ष 2018–19




एम0आर0 और सी0पी0 दिव्यांगजनों के अभिभावकों के लिए
देखभाल कार्य हेतु जागरूकता कार्यक्रम वर्ष 2019–20

# ग्रामीण प्रगति संस्थान, अमेठी




घरौंदा केन्द्र के निरीक्षण के समय श्रीमती विद्या देवी
जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी



मानसिक दिव्यांग को पुरस्कार देते हुए श्रीमती विद्या देवी
जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी

# ग्रामीण प्रगति संस्थान, अमेठी




अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते हुए घरौंदा केन्द्र के दिव्यांग




अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते हुए घरौंदा केन्द्र के दिव्यांग

# ग्रामीण प्रगति संस्थान, अमेठी



घरौंदा केन्द्र का विजिट करती हुई श्रीमती विद्या देवी
जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी



कोरोना काल के दौरान दिव्यांगजनों के अभिभावकों को राशन सामग्री वितरित करते हुए संस्था के सदस्य

# ग्रामीण प्रगति संस्थान, अमेठी



कोरोना काल के दौरान दिव्यांगजनों के अभिभावकों को राशन सामग्री वितरित करते हुए संस्था के सदस्य



कोरोना काल के दौरान दिव्यांगजनों के अभिभावकों को राशन सामग्री वितरित करते हुए संस्था के सदस्य

# ग्रामीण प्रगति संस्थान, अमेठी



कोरोना काल के दौरान दिव्यांगजनों के अभिभावकों को राशन सामग्री वितरित करते हुए संस्था के सदस्य



कोरोना काल के दौरान दिव्यांगजनों के अभिभावकों को राशन सामग्री वितरित करते हुए संस्था के सदस्य

# ग्रामीण प्रगति संस्थान, अमेठी




संस्था कार्यालय भवन